# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग में सुभाष गुप्ता कैंसर ब्लाक की 11वीं मंजिल का लैंटर डाला गया

## 23 मंजिला ऑटोमेटिक कार पार्किंग के सातवीं मंजिल का निर्माण पूरा







**पंजाबी बाग,** महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग में सुभाष गुप्ता कैंसर ब्लाक का निर्माण कार्य इस समय तेजी से चल रहा है। 14 मंजिला भवन की 11वीं मंजिल का लैंटर डालने का काम पूरा हो चुका है। 23 मंजिला कार पार्किंग का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है एवं सातवीं मंजिल का काम पूरा हो चुका है।

महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार डॉ सुशील गुप्ता एवं प्रधान डॉ मीना सुभाष गुप्ता के मार्गदर्शन में महामंत्री त्रिलोकी नाथ गोयल, कंट्रोल बोर्ड सदस्य जितेंद्र गुप्ता, राम निवास गुप्ता एवं बसंत मंगला की टीम इस भवन के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग दिन प्रतिदिन कर रही है।

डॉ मीना सुभाष गुप्ता के अनुसार 23 मंजिला ऑटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण भी कैंसर बिल्डिंग के साथ ही पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रकार की आटोमेटिक कार पार्किंग अभी तक पश्चिमी दिल्ली में किसी भी भवन में नहीं है। कार पार्किंग बनने के बाद अस्पताल में आने वाले मरीजों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अपनी कार पार्क करने एवं वापस लेने में मात्र 5 मिनट का समय लगेगा, जिससे लंबे समय से चली आ रही कार पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा।

डॉ मीना सुभाष गुप्ता के अनुसार ट्रस्ट द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएं। दानवीर भाइयों के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में ट्रस्ट को हमेशा ही सफलता मिलती है। अस्पताल में होने वाली मानव सेवा को देखकर दानवीरों का मन स्वत: इसमें सहयोग करने के लिए प्रेरित हो जाता है।

डॉ मीना सुभाष गुप्ता के अनुसार ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी प्रोजेक्ट सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बहादुरगढ़ में महाराजा अग्रसेन केदारनाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज को एल ओ आई सर्टिफिकेट मिल चुका है। 2026 - 27 शिक्षण सत्र से एमबीबीएस में 150 विद्यार्थियों को निश्चित रूप से प्रवेश देने के संकल्प के साथ वहां काम चल रहा है।द्वारका हॉस्पिटल भी सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है एवं अब उसके विस्तार के लिए डीडीए से जमीन खरीदने की योजना बनाई जा रही है। भगवान दास नगर में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र को एनएबीएच सर्टिफिकेट मिलना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे उसकी सुविधाओं का लाभ लेने वाले लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने की आशा है। नजफगढ़ में 5 एकड़ के फार्म हाउस में साफ सफाई एवं चारदिवारी पर कंटीले तार लगाने का काम किया गया है जिससे इस जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके एवं वहां भी मानव सेवा का कार्य प्रारंभ किया जा सके। फिलहाल वहां हॉस्पिटल की मोबाइल वैन भेजी जा रही है।



कार्तिक महीने की पावन अवसर पर श्री हनुमान चालीसा सेवा समिति शालीमार बाग द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को पंचम प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रभात फेरी बी.पी.–1 ब्लॉक से शुरू होकर दुर्गा मंदिर पर समाप्त हुई। भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे और हरे रामा, हरे रामा, हरे कृष्णा का गीत सुंदर और भक्ति में तरीके से श्री हनुमान चोला सेवा समिति दुर्गा मंदिर शालीमार बाग द्वारा आयोजित प्रभात फेरी में मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता, नरेश जैन, शानदार आयोजन हेतु सुनील सिंघल,विकास खरकिया जी, संदीप रामुका जी एवं समस्त टीम का बहुत बहुत धन्यवाद् किया।



जर्नी ऑफ सिंधी का कार्यक्रम के लिए सिंधी समाज ने दिल्ली के प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जिसमें सुरेश खत्री, महेश रजानी आदि सिंधी समाज के लोगों ने सिंधी ऑफ जर्नी के बारे में बताया कि सिंधी समाज किस प्रकार से देश और समाज में उसका योगदान है और 12 अक्टूबर को भारत मंडपम में होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन ने "नन्ही मुस्कान" कार्यक्रम के तहत ब्रेल पुस्तकालय को समृद्ध बनाया






नई दिल्ली। जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन ने जी.टी.बी. नगर स्थित गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल फॉर ब्लाइंड में आयोजित "नन्ही मुस्कान" कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रेल पुस्तकालय को 350 नई पुस्तकों, 4 टेबलों और 20 कुर्सियों से सुसज्जित किया। विद्यालय में पुस्तकों की कमी के कारण दृष्टिबाधित विद्यार्थी लंबे समय से अध्ययन सामग्री के अभाव का सामना कर रहे थे। इस पहल का उद्देश्य उन्हें बेहतर शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराना और सीखने के नए अवसर प्रदान करना है। "पुस्तकालय को समृद्ध बनाने में विशेष सहयोग, इस पुनीत कार्य में अनिल सिंगल, सन्नी जैन और राहुल सिंगला का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से यह पहल सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

कार्यक्रम में लगभग 150 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने भाग लिया और गीत एवं कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जॉय मेकर्स टीम ने सभी विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन पुरस्कार एवं जलपान प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे ,श्री राहुल अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, Eleserv Softech ltd, सन्नी जैन, प्रोप्राइटर, Javriti Wires, अरुण कुमार दास, अधिकारी, EPFO, आशीष जैन, अधिकारी, E P F O, अंकुर मित्तल(अंक मीडिया प्राइवेट लिमिटेड), श्रीमती अंजू मित्तल, समाजसेविका, धर्मेंद्र पांडे, समाजसेवक, गुलशन भाटिया, अधिकारी, E P F O, श्रीमती आशा बिष्ट (समाज सेविका), श्रीमती सोनिया बाजपेई, अधिकारी, EPFO कार्यक्रम का समापन पूरे सम्मान और गरिमा के साथ राष्ट्रगान से हुआ।

जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से सत्या शर्मा (अध्यक्ष), तरुण गर्ग (उपाध्यक्ष), अनीता शर्मा, अशोक कुमार, विभा कुमारी, अनामिका कुमारी, संदीप कुमार, प्रवीण पांडे, दीक्षा, रविंद्र सचदेवा, रोहित कुमार, सुनील पांडे, बहादुर सिंह, आशीष शेखर, राजीव गोयल, अंशित शर्मा अन्य सदस्य उपस्थित रहे

***जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन का विश्वास है —***

"जहाँ आँखें थम जाती हैं, वहाँ ज्ञान का प्रकाश राह दिखाता है — और यह ब्रेल पुस्तकालय उसी प्रकाश की नई किरण है।"

# दिल्ली की लेक्चरर योगिता गिरोत्रा को राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया




नई दिल्ली : शिक्षक दिवस पर आयोजित एक भव्य समारोह में सुश्री योगिता गिरोत्रा, जो कि दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय में भौतिकी की व्याख्याता हैं, को प्रतिष्ठित दिल्ली राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इस समारोह का आयोजन त्यागराज स्टेडियम में किया गया, जहाँ शिक्षा क्षेत्र से लगभग 5000 सदस्य उपस्थित थेदिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता एवं शिक्षा मंत्री श्री आशिफ सिद्दू की गरिमामयी उपस्थिति में, यह पुरस्कार केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। मंच पर दिल्ली के शिक्षा सचिव श्री अशोक कुमार एवं शिक्षा निदेशक सुश्री बिनिता रेड्डी भी उपस्थित थे।इस वर्ष के समारोह में 4 महाशाखा पदकधाराओं (एस एस आर टी), 118 उत्कृष्ट शिक्षकों/प्रधानाचार्यों के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को मान्यता दी गई। स्कूलों के अध्यापक गण, दिल्ली के सभी स्कूलों - सरकारी, केंद्रीय, एमसीडी, एनडीएमसी, सहायता प्राप्त, प्राइवेट अथवा पब्लिक विद्यालयों से सम्बंधित हैं। यह समारोह हर वर्ष के शिक्षकों के अथक प्रयासों का सामूहिक उत्सव मनाता है।

सुश्री योगिता, गत सोलह वर्षों से दिल्ली शिक्षा विभाग में हैं, जिनमें से लगभग सात वर्षों से विभाग की विशेष इकाई – सेंटर फॉर असेसमेंट यूनिट (CAU), परीक्षा विभाग से सम्बद्ध हैं। वे विद्यालय शिक्षा, डिजिटल शिक्षा पद्धतियों और प्रयोगात्मक-आधारित शिक्षा के प्रति अपने नवोन्मेष प्रयासों के लिए प्रशंसित हैं। उन्होंने एक शिक्षक प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में सैकड़ों शिक्षकों को डिजिटल उपकरणों का प्रशिक्षण दिया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत "सार्थक पाठ्यक्रम विकास" हेतु महत्वपूर्ण मान्यता भी प्राप्त की है।अपना आभार व्यक्त करते हुए सुश्री गिरोत्रा ने कहा, "यह पुरस्कार सिर्फ मेरी उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत का सम्मान है जो बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने में विश्वास रखते हैं।

शिक्षा का पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होता है।"अपनी शिक्षा यात्रा पर विचार करते हुए उन्होंने कहा, "मैं अपनी भूमिका एक ऐसे अध्यापक के रूप में मानती हूँ जो छात्रों के साथ-साथ अपने साथी अध्यापकों की भी स्व-प्रेरणा एवं आलोचनात्मक सोच देने में मदद करता है। मेरे लिए प्रेरणा स्रोत राष्ट्रनिर्माण और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान शिक्षाविदों के दृष्टिकोण से आता है, जिन्होंने कहा था कि 'शिक्षक एक राष्ट्र निर्माता कर्मी हैं जो हमारे राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं।'"उनके सहयोगियों और विद्यार्थियों ने उन्हें समर्पित व्यक्ति के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि वे न केवल विद्यार्थियों में अनुशासन और संवेदना विकसित करती हैं, बल्कि उनमें और शिक्षकों, दोनों में निरंतर आत्मविकास का जागरूक प्रयास करती हैं। उनके उत्कृष्ट योगदान को प्राप्त कर साथियों एवं विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रतिबद्धता और सेवा का एक उज्जवल उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# अर्थ इंडिया सलाहकार बोर्ड



ज्ञान अग्रवाल — मुख्य संरक्षक | रामकुमार गुप्ता — मुख्य संरक्षक | अविनाश बंसल — मुख्य संरक्षक | सुभाष जिन्दल — मुख्य संरक्षक | के. एल. गुप्ता — मुख्य संरक्षक



मंजू शर्मा — संरक्षक | राजेश गुप्ता — संरक्षक | कमल बी. जैन — संरक्षक | अशोक अग्रवाल — संरक्षक | ओम प्रकाश अग्रवाल — संरक्षक



एडवोकेट तनुज गुप्ता — संरक्षक | सांवर अग्रवाल — संरक्षक | कृष्ण कुमार गुप्ता — संरक्षक | अनिल सिंघल — संरक्षक | अजय गुप्ता — संरक्षक



मनीष बंसल — सलाहकार | प्रकाश चन्द मित्तल — सलाहकार | अशोक कुमार गुप्ता — सलाहकार | पी. डी. गुप्ता — सलाहकार | हरीचन्द अग्रवाल — सलाहकार | विरेन्द्र गर्ग — सलाहकार | रवि खरकिया — सलाहकार | सीए पवन जिन्दल — सलाहकार



प्रवीण गुप्ता — सलाहकार | सुनील सिंघल — सलाहकार | प्रदीप गोयल — सलाहकार | नरेश जैन — सलाहकार | दयाशंकर सिंघल — सलाहकार | सन्नी जैन — सलाहकार | आशीष अग्रवाल — सलाहकार



आशुतोष गुप्ता — सदस्य | सुजीत ठाकुर — सदस्य | योगेन्द्र गुप्ता — सदस्य | ममता शर्मा — सदस्य | सचिन अग्रवाल — सदस्य | नरेश जैन — सदस्य | भरत बजाज — सदस्य | नवीन बंसल — सदस्य | नरेश कुमार — सदस्य | मुकेश गोयल — सदस्य



जुगल किशोर चड्ढा — सदस्य | शक्ति सिंह 'सोनू' — सदस्य | योगेश गबरानी — सदस्य | गगन अग्रवाल — सदस्य | डॉ. सविता शर्मा — सदस्य | भरत अरोड़ा — सदस्य | मुकेश बंसल — सदस्य | महेन्द्र पाल छाबड़ा — सदस्य | अमित गुलाटी — सदस्य

# दिल्ली सरकार लाएगी नई एनीमेशन नीति युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार



**दिल्ली सरकार एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और कॉमिक्स को बढ़ावा देने के लिए एक नई नीति बना रही है। इस नीति का लक्ष्य दिल्ली की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। दिसंबर तक इस नीति का मसौदा तैयार हो जाएगा, जिसके बाद इसे दिल्ली मंत्रिमंडल के सामने मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।**



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट और कॉमिक्स क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीति तैयार कर रही है। इस नीति का उद्देश्य शहर की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करना है।

दिसंबर तक नीति के मसौदे को अंतिम रूप देने की योजना है। इस नीति के मसौदे पर प्रतिक्रिया के लिए लोगों से सुझाव भी लिए जाएंगे। इसके बाद नीति को मंजूरी के लिए दिल्ली मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के नजरिये से प्रेरित होकर शहर को एवीसीजी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट, कामिक्स और गेमिंग) क्षेत्र में वैश्विक कंटेंट केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए काम कर रही है। उनके अनुसार प्रस्तावित नीति कौशल विकास और उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच सहयोग पर केंद्रित होगी।

## भजन "प्यारे गुरु जी" हुआ रिलीज!




भजन "प्यारे गुरु जी" को रेखा गुप्ता के द्वारा रिलीज किया गया है। इस soulful भजन के गीतकार व संगीतकार मेघा किशोर हैं, संगीत मनीष सहरिया ने दिया है और वीडियो निर्माण केडी सोच ने किया है। भजन को मेघा किशोर के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।